हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

12 पोषण पखवाड़ा के तहत पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई जानकारी

11 नागरिकों ने जताई उम्मीद, कहा- समय पर हो ...

ग्राम पंचायत बोड़रा में दो टंकी होने के बावजूद ट्यूबवेल से करनी पड़ रही है पानी सप्लाई

गांव में दो-दो टंकी, पर दोनों शोपीस, कई बार मरम्मत के बाद भी नहीं रुक रहा सीपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोड़रा में दो-दो पानी टंकी होने के बाद भी ग्रामीणों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पीएचई विभाग की लापरवाही से हमें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा ट्यूबवेल से सीधे दी जा रही है, जिससे राहत मिल जा रही है, अन्यथा पानी टंकी के भरोसे रहते तो पीने के लायक भी पानी नहीं मिल पाता। लगभग 1600 की आबादी वाले ग्राम बोड़रा में पीएचई विभाग द्वारा पानी की दो टंकियां बनाई गई हैं। लेकिन, दोनों ही टंकी में निर्माण के बाद से सीपेज की शिकायत है। बाजार चौक स्थित टंकी के निर्माण ठेकेदार द्वारा कई बार टंकी की मरम्मत कराई गई, लेकिन सीपेज बरकरार है। ग्राम पंचायत सालों से ट्यूबवेल से ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचा रही है। दो पानी टंकी होने के बाद भी पंचायत अब भी ट्यूबवेल से पानी ग्रामीणों के घरों तक पहुंचा रही है, क्योंकि दोनों टंकी में सीपेज की समस्या के कारण उसे पूरा भरा नहीं जाता। इसके कारण कुछ समय तक ही पानी आपूर्ति होती है। सालों बाद भी सभी घरों में नल कनेक्शन नहीं हो पाया है।

टंकी से झरने की तरह झरता है पानी

सरपंच टिकेश्वरी सिन्हा ने कहा कि ग्राम में दोनों टंकी से पानी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। पंचायत वर्तमान में भी ट्यूबवेल से सीधे पानी ग्रामीणों को दे रही है। ग्राम समिति प्रमुख नेतराम साहू ने कहा कि दोनों पानी टंकी में लीकेज है। टंकी में पानी भरने के बाद झरने की तरह पानी बहता था। आठ दस बार मरम्मत कराई जा चुकी है, फिर भी सीपेज की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि टंकी से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है।

सात बार की जा चुकी मरम्मत फिर भी सीपेज

ठेकेदार के प्लम्बर नल मिस्त्री सत्य प्रकाश साहू ने कहा कि बाजार चौक स्थित पानी टंकी की सात बार मरम्मत की जा चुकी है, अब मामूली सीपेज है। वहीं, गौठान के पास स्थित टंकी की पाइप लाइन एवं घरों में नल कनेक्शन का कार्य बाकी है। उन्होंने बताया कि शासन से 320 घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, लेकिन 345 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी भी 140 घरों में कनेक्शन करना बाकी है।

खबर संक्षेप

चिचलगोंदी में परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती महोत्सव आज

बालोद/अर्जुन्दा। परिक्षेत्र साहू समाज कांदुल एवं ग्रामीण साहू समाज चिचलगोंदी द्वारा परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 9 अप्रैल को सामुदायिक भवन चिचलगोंदी में किया गया है। सुबह 10 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे भक्त माता कर्मा की आरती होगी व अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक लोकार्पण, मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा शिव कुमार करेंगे।

कोलिहामार में मां कर्मा महोत्सव 13 को

गुरूर। तहसील स्तरीय मां कर्मा महोत्सव एवं दानवीर भामाशाह भवन लोकार्पण 13 अप्रैल को तहसील साहू संघ गुरूर कोलिहामार में किया जाएगा। हाई स्कूल मैदान में तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं गोड़वाना सेवा समिति का महाअधिवेशन का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वनमंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग व केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम होंगे। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा।

ठेकेदार और मकान मालिक पर जुर्म दर्ज

भिलाई। मकान में काम कर रहे मिस्त्री की ठेकेदार की लापरवाही के कारण करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक व ठेकादर के खिलाफ धार 304 ए, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी मृतक होमन दास 42 वर्ष मिस्त्री का काम करता था। 20 अप्रैल 2024 की शाम विजय पाल के घर बालाजी नगर खुर्सीपार के मकान में होमन दास दुसरी मंजील में राड को बीम में लगाने के लिए नाप रहा था।

आयोजन : कलेक्टर ने नपा अध्यक्ष प्रतिभा व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर का किया निरीक्षण

सुशासन तिहार के पहले दिन बुधवारी बाजार में लगा शिविर, मांगों को लेकर लोगों ने दिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार से राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर बालोद जिलेवासियों एवं आवेदकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

सुशासन तिहार के पहले दिन जिले के सभी नगरीय निकायों के साथ–साथ ग्राम पंचायतों के आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित किए गए स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। पहले दिन कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगर पालिका

बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं उपाध्यक्ष कमलेश सोनी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार स्थित गांधी भवन में पहुँचकर आम जनता की सहुलियत के लिए की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा सहित पार्षद प्रीतम यादव, रीता सोनी, गिरजेश गुप्ता, अमित चोपड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से सुशासन तिहार के पहले दिन गांधी भवन बुधवारी बाजार में प्राप्त कुल आवेदन आदि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने पंजी का अवलोकन कर आवेदन के प्रकृति के संबंध में भी जानकारी ली। ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने बताया कि यहाँ अब तक कुल 16 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। कलेक्टर ने अधिकारी–कर्मचारियों को प्राप्त आवेदनों का भली–भाँति परीक्षण कर आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से सुशासन तिहार की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली।

समाधान पेटी में भी डाल सकते हैं आवेदन

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में सुशासन तिहार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों के अलावा आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में आम जनता से आवेदन प्राप्त करने हेतु स्थान निर्धारित की गई है। जहाँ पर अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर समाधान पेटी एवं आवेदकों के लिए आवेदनों की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा संयुक्त जिला कार्यालय के साथ–साथ जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों के जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी लगाई गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिला के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ–साथ नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर सुशासन तिहार के पहले चरण की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

स्कूली बच्चों ने निकाली सायकिल रैली पोषण को लेकर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अंडा में साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने पूरे गांव में साइकिल रैली निकाल कर लोगो को पोषण आहार के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान सही पोषण-देश रोशन, हर घर में खुशहाली हो -पोषण वाली थाली हो जैसे नारे लगाए गए।

इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडा के प्राचार्य एस. जामुलकर ने बताया कि पोषण अभियान के दौरान जो सलाह समय-समय पर बच्चों को दी जाती है, उस पर हमें भी अमल करना चाहिए, ताकि हमारा स्वास्थ्य ठीक रह सके। उन्होंने कहा कि जन आंदोलन और जनभागीदारी से कुपोषण को मिटाना है। इसमें अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित और उनकी मॉनिटरिंग करना व दूसरा किचन गार्डन को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण करना है। सुपर वाइजर रेखा लोनारे ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चे के जन्म लेने से पहले व बाद में भी उनके स्वास्थ्य का देखभाल करने में जुट जाता है। गर्भवती माताएं व उनके बच्चें कुपोषित न हो इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन हितग्राहियों से घर-घर जाकर लगातार संपर्क करती हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बच्चों को जागरूक करते हुए उनको खाने पीने और संतुलित आहार खाने के बारे में प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य एस. जमुलकर, सुपरवाइजर रेखा लोनारे, आयुर्वेदिक अस्पताल लता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू, दीपिका चौहान तथा स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

■ ग्राम अंडा में किया गया पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

कोटवार को उचित न्याय दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कोटवार नियुक्ति को लेकर संघ ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मंगलवार को गुण्डरदेही ब्लाक के कोटवार संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर खलारी के कोटवार को उचित न्याय दिलाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। धरना प्रदर्शन में आए प्रदेश कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम खलारी में कोटवार नियुक्ति विधि सम्मत नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि कोटवारों को संविधान में अधिकार दिया गया है कि अगर किसी भी स्थिति में कोटवार को हटाया या बदला जाता है, तो नई नियुक्ति में उन्हीं के परिवार को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। पदाधिकारियों ने कहा कि, लेकिन इस मामले में किसी दूसरे की

नियुक्ति कर दी गई है, जो न्यायोचित नहीं है। कोटवारों ने कहा कि प्रशासन जल्द ही इस नियुक्ति को रद्द करे, नहीं तो कोटवारों द्वारा प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा और व्यापक रूप से होगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने की थी हटाने की मांग : बता दें कि ग्राम खलारी के कोटवार भानबाई देवदास को हटाने के लिए ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर सहित कई जगहों पर आवेदन लगाया गया था। इसके साथ ही नहीं हटाने पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई थी। उस संबंध में समझौता करते हुए मानमनौवल के बाद मामला शांत कराया गया था। लेकिन, इस मामले में कोटवार संघ काफी आक्रोश और एकजुटता दिखाते हुए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के सामने न्याय दिलाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गया।

की जाएगी विधिसम्मत कार्यवाही : एसडीएम

एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे ने कहा कि ग्राम खलारी के कोटवार की नियुक्ति के संबंध में ज्ञापन दिया गया है। यह न्यायालीन प्रक्रिया है। इस मामले में अध्ययन करके विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

खबर संक्षेप

संयुक्त यूनियन बोरिया गेट पर करेगा नौ को प्रदर्शन

भिलाई। सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर सहित वेज रिवीजन आदि लंबित मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन 9 द्वारा 9 अप्रैल को बोरिया गेट पर सुबह 8 से 9 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर ने बताया की सोमवार को हुई बैठक हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने अभी तक वेज रिवीजन के लिए एनजेसीएस मीटिंग नहीं बुलाने पर नाराजगी व्यक्त की। यह निर्णय लिया कि 39 महीने के एरियर्स सहित वेज रिवीजन के अन्य मुद्दों एवं इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन, फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाने ,650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर लाइसेंस पर देने व ठेका श्रमिकों का भी वेज रिवीजन करने करने की मांग को लेकर बोरिया गेट पर प्रदर्शन करेगा किया जाएगा। सेल चेयरमैन के नाम से ज्ञापन सौंपकर कर जल्द एनजेसीएस मीटिंग बुलाने की मांग करेगा ।

एलडी स्लैग गाड़ियों को बीएसपी में 7 नं. गेट से जाने की मिली अनुमति

भिलाई। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के ट्रैफिक की समस्या निदान का निर्णय लिया है। एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इससे ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग से जाने से समय अधिक लगता था और ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा।एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। इंद्रजीत सिंह ने एसोसिएशन की ओर से बीएसपी प्रबंधन का आभार जताया है।

कर्मचारियों ने की फॉगिंग शुरू करने की मांग

भिलाई। टाउनशिप के निवासी मच्छरों के आंतक से परेशान है। हालात यह है कि यहां के रहवासी मच्छरजनित बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर टाउनशिप प्रबंधन ने यहां के निवासियों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फॉगिंग नहीं कराई है। स्टील इंप्लाइज यूनियन ने बैठक के दौरान फॉगिंग शुरू कराने की मांग की है। गर्मी को देखते हुए टाउनशिप में दोनों टाइम पानी सप्लाई की सुविधा शुरू की जाए । महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इन सभी मांगों पर विभाग प्रमुखों से चर्चा कर जल्द समाधान निकला जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा सहित गिरिराज देशमुख, जजी आर सुमन सीपी वर्मा, किशोर प्रधान ताम्रध्वज सिन्हा, अजीत मोहन आदि उपस्थित थे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने समस्याओं के निदान के लिए दबाव बनाना तेज कर दिया है। बीएसपी प्रबंधन से फेस्टिवल एडवांस 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने, हाउस बिल्डिंग एडवांस्ड, ऑटो एडवांस शुरू करने, मच्छर की समस्या को देखते हुए फॉगिंग करने की मांग की है ।

सदर गौरव पथ मंडल में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

दुर्ग। भाजपा के 45 वां स्थापना दिवस में जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मंडल में निवासरत पूर्व सांसद मोहन लाल जैन के निवास जाकर ध्वजारोहण किया। वरिष्ठ भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़ एवं डॉ. शरद चन्द्र अग्रवाल के निवास जाकर ध्वजारोहण किया गया।शहर विधायक गजेन्द्र यादव के कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, निगम एमआईसी मेम्बर लीलाधर पाल, पार्षद राम चंद सेन, पार्षद सरिता चंद्राकर, छाया पार्षद पूनम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 ने अंकिता को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डॉक्टरों ने अस्सी प्रतिशत अग्निदग्धा का किया सफल आपरेशन

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के बर्न विभाग ने एक बार फिर गंभीर रुप से बीमार एक मरीज को नया जीवन दिया है। डाक्टरों के सतत उपचार से 80 प्रतिशत जल चुकीं अंकिता कुमारी को स्वस्थ किया गया।

मरीज को 19 फरवरी 2025 को ऑक्सीजन एंबुलेंस द्वारा गंभीर स्थिति में सेक्टर-9 अस्पताल स्थित बर्न विभाग में भर्ती कराया गया था। उस समय वे सेप्टिक शॉक में थीं, उनका रक्तचाप और ऑक्सीजन सैचुरेशन अत्यंत निम्न स्तर पर था।

सेंडविच तकनीक से हुआ उपचार

अंकिता के तीन आपरेशन कर दाहिने हाथ, छाती और गर्दन पर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। इस प्रक्रिया में स्किन बैंक की त्वचा का उपयोग करते हुए 'सैंडविच तकनीक' अपनाई गई, जिसके तहत मरीज की त्वचा और स्किन बैंक की त्वचा को बारी-बारी से लगाया गया। 15 दिनों के भीतर जहाँ ग्राफ्टिंग की गई थी और जहाँ से त्वचा निकाली गई थी, दोनों स्थानों पर घाव भरने लगे। हुआ। आपरेशन बाद अंकिता अब न केवल अच्छी तरह खान-पान करने लगीं, बल्कि नियमित फिजियोथेरेपी से उनका शरीर भी सक्रिय हो गया। अंकिता डाक्टरों को बताया कि जब बड़े शहरों के अस्पतालों में उन्हें 75 प्रतिशत जलने की स्थिति में "अब आप नहीं बच पाएँगी" कहा गया, तब सेक्टर-9 अस्पताल ने उन्हें बचाने का पूरा विश्वास दिलाया। की विभाग-प्रमुख व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ .उदय कुमार, डां. अनिरुद्ध मेने, डॉ. सौरभ मुखर्जी की टीम ने मरीज को नया जीवन दिया। नव जीवन पाने वाली अंकिता से मिलकर कार्यपालक निदेशक व विभाग प्रमुख डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने उनका हौसला बढ़ाया। चिकित्सालय पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम ने तत्परता से उनका उपचार प्रारंभ किया। कुछ ही दिनों में उनका उनका ब्लड प्रेशर एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य स्तर पर आ गया। अंकिता का 80 प्रतिशत शरीर जला हुआ था और स्किन ग्राफ्टिंग के लिए शरीर के 10 प्रतिशत हिस्से से त्वचा निकाली गई थी। प्रारंभिक उपचार के बाद हाई-रिस्क कंसेंट लेकर पहला ऑपरेशन किया गया, जिसमें उनके बाएँ हाथ से सड़ी हुई त्वचा निकाल कर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। पाँच दिनों तक विशेषज्ञ टीम ने प्रोटीन-युक्त पोषण, संक्रमण नियंत्रण, तथा मनोबल बनाए रखने में मदद की।

पांच साल बाद भी नहीं हुआ वेतन समझौता

बीएसपी के हजारों ठेका मजदूर न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चार साल पूर्व एनजेसीएस की बैठक में मिला था पे रिवीजन का आश्वासन

श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की जरुरत

गौरतलब हो कि वर्ष 2023 को दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में यूनियनों ने सेल के ठेका मजदूरों को एस -11 नियमित कर्मचारी के बराबर वेतन दिए जाने और बोनस तथा सामाजिक सुरक्षा की मांग की थी। प्रबंधन ने आश्वस्त भी किया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताता हैं कि सेल प्रबंधन को मजदूरों का वेतन समझौता लागू किए जाने से ही उनका शोषण खत्म होगा। बोनस और समाजिक सुरक्षा मिलना जरुरी है। बीएसपी में दस लाख दुर्घटना बीमा की मांग की जा रही है।

दुर्घटनाओं का भी खतरा

बीएसपी सहित पूरे सेल में एक लाख ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन निजी कंपनियों द्वारा अपने अधीन मजदूरों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराने में कोताही बरती जा रही है। इस कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में हताहत मरने वाले सर्वाधिक ठेका मजदूर ही होते हैं। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सेल को सुरक्षा किट की राशि से मजदूरों को को सीधे सुरक्षा उपकरण कराने की मांग कर रहे हैं। इससे ठेकेदारों पर इसके लिए निर्भरता खत्म हो जाएगी। लेकिन सेल व बीएसपी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों की पचास साल बाद भी तकदीर नहीं बदली है। नियिमित कर्मचारियों के साथ कीर्तमानी उत्पादन में योगदान देने बाद भी वे बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेकेदार, प्रबंधन और श्रम विभाग उदासीन बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में पूरे सेल में सबसे अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। बीस हजार से अधिक श्रमिक यहां काम करते हैं। उत्पादन से लेकर मेंटेनेंस और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के काम में इनका योगदान रेगुलर कर्मचारियों से कम नहीं है। लेकिन दोनों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है।

ठेका मजदूर यूनियनों के मुताबिक यह फर्क इसलिए है कि मजदूरों को शोषण कम करने जिम्मेदार एजेंसियां और सरकार गंभीर नहीं है। ठेका मजदूर पचासों निजी कंपनियों और ठेकेदारों के अधीन काम करने के कारण वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी कंपनियों की ही है। लेकिन निजी कंपनियां अधिकतर मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन भी नही दे रही हैं। उन्हें मात्र पांच से सात हजार वेतन पर काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। बतौर प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन भी ठेकेदारों पर जमीनी दबाव नहीं बना पा रहा है। भत्ते और सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाएं भी नहीं हैं। मजदूरों के पूरा वेतन मांगने पर कंपनियां गेट पास छीनने व काम से निकालने की धमकी देती हैं। पिछले पांच साल से मजदूरों के लिए वेतन समझौता किए जाने की मांग को भी सेल प्रबंधन नजरंदाज कर रहा है।

धमकी से परेशान दामाद ने ससुर की हत्या कर शव को जलाया, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- मृतक की पत्नी-बेटी भी पकड़ में
- पुरानी भिलाई की कार्रवाई

पुराने केस के मामले में समझौता करने के लिए मृतक दमाद और उसकी पत्नी को लगातार नशे की हालत में धमकाया करता था। इससे परेशान होकर प्लान तैयार कर तीनों में हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने दमाद, सास और पत्नी को गिरफ्तार किया है। ग्राम दादर पथर्रा में मिले अधजली लाश मामले में पुलिस ने आरोपियों को ट्रेस कर शव का शिनाख्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने बताया कि आरोपी और शव का शिनाख्त करने के लिए थाना प्रभारी पुरानी भिलाई महेश ध्रुव और एसीसीयु सउनि गुप्तेश्वर यादव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच में पता चला मृतक के हाथ में टैटू बना हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि प्रोजेक्ट आटोमोबाईल के पास पावर हाउस निवासी रॉकी लांजेवार के रुप में शिनाख्त हुआ है। शव के कुछ दुरी पर बडे वाहन के पहिए के निशान पाए गए। संदेही वाहन की पतासाजी के लिए त्रिनयन एप्प की मदद ली गई। आने-जाने वाले रास्तों के सभी सीसीटीवी फूटेज को चेक किया गया। फूटेज में वाहन आयशर एमएच 40 बीएल 9629 को चिन्हित कर पता किया जा रहा था। मुखबिर ने सूचना दिया कि मृतक रॉकी लांजेवार के दामाद दुल्यांश गजभिये को घटना की रात में उक्त संदेही वाहन को चलाते देखा गया था।

इसलिए की हत्या

संदेह के रुप में दुल्यांश गजभिये को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि ससुर रॉकी लांजेवार नशे में अक्सर उसे और उसकी पत्नि सृष्टि गजभिये को पुराने केश में समझौता करने धमकी दिया करता था। घटना के दिन भी रॉकी लांजेवार नशे की हालत में पहुंचा और आरोपी दुल्यांश गजभिये, पत्नि सृष्टि गजभिये को गाली गौलज कर धमकी दे रहा था। इससे आक्रोश में आकर दमाद दुल्यांश ने लोहे के रॉड से रॉकी के सिर में 3-4 वार किया। जब मौत हो गई तो दुल्यांश ने वाहन से केम्प 1 जलेबी चौक जाकर अपनी सास मोहनी लांजेवार को लेकर आया। मृतक के शव को कपड़े, साड़ी, चटाई लपेट कर घर से मिट्टी तेल लेकर अपनी सास मोहनी लांजेवार, पत्नि सृष्टी गजभिये के सहयोग से वाहन में शव को भरकर ग्राम पथर्रा खेत में पहुंचे। आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को आग लगा दी।

ऑडिट नहीं करा रहा भिलाई निगम विधानसभा अध्यक्ष से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में अफसरों की कार्यप्रणाली की शिकायत को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिले। रायपुर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में

पहुंच कर नगर निगम भिलाई के विभिन्न विषयों में चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने बताया कि नगर निगम भिलाई अफसर भारी लापरवाही और मनमानी कर रहे हैं। खुले आम गड़बड़ी की जा रही है। बाबू, कम्प्यूटर ऑपरेट को बड़े-बड़े पद बिठा दिया गया है। अजय शुक्ला जिसका मूल पद बाबू का है, लेकिन जनसंपर्क अधिकारी बन कर सरकारी वाहन का उपयोग कर रहा है। इसी प्रकार डाटा एंट्री आपरेट शरद दुबे को सहायक राजस्व अधिकारी बना दिया गया है। जो निगम के आयुक्त के लिए अवैध वसूली का काम कर रहा है। स्टेनो संजय शर्मा जो कि निगम में सिर्फ हाजरी लगाने के लिए निगम आता है। संगठन के नाम पर नेतागिरी कर रहा है। उसके बाद सेक्टर 6 के पास अपने ड्राइविंग लायसेंस और पासपोर्ट बनाने दुकान चला रहे हैं। निगम के साल भर के आय-व्यय का ऑडिट जो हर साल किया जाना चाहिए। लेकिन बीते कुछ सालों से ऑडिट नहीं किया जा रहा है। इस लिए अध्यक्ष से प्रार्थना है कि निगम का ऑडिट कराया जाए।

कवियों ने दिया भाषायी एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बहुभाषीय काव्य पाठ का आयोजन मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय के सभागार में किया गया । लघुभारत के 14 भाषाओं के कवियों ने संदेशपरक

- मैत्री विद्या निकेतन में प्रलेसं का बहुभाषीय काव्य पाठ

कविताओं का पाठ किया । कार्यक्रम के अध्यक्ष कथाकार लोकबाबू ने कहा हमारा देश संस्कृतियों का समुद्र है ,यहां नाना प्रकार की विविधताओं के बीच एकता का सूत्र इसे सदियों से बांधे रखा है। प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाओं और लेखन से जुड़ा मुख्य अतिथि जन कवि डॉ. जीवन यदु ने कहा कि आयोजन उद्देश्यपरक होने के साथ रचनात्मकता और भाषायी एकता स्थापित करने में प्रगतिशील संगठन सदैव अग्रणी रहा है । विशिष्ठ अतिथि सहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रलेसं के 90 वर्ष होने के उपलक्ष्य में मना रहे हैं हम स्थापना के आगामी शताब्दी वर्ष भी मनाएंगे । विशिष्ठ अतिथि राजम

इन कवियों ने किया काव्यपाठ

कार्यक्रम में हिंदी भाषा से रवि श्रीवास्तव,संकल्प यदु,मलयालम से के .ए. नारायणन,के.सुधाकरन,तेलुगु से रुद्रमूर्ति, व्ही. अप्पा राव,तमिल से वेंकट सुब्रमण्यम,मराठी से शरद कोकास,पंजाबी से गुलवीर सिंह भाटिया,सन्तोष झांझी,उड़िया से स्नेहलता पाणिग्रही, सुजाता पटनायक,गुजराती सेनपल्लवी त्रिवेदी,सिंधी से रवि आनन्दानी,बंगाली से समरेंद्र विश्वास ,वाणी चक्रवर्ती,उर्दू से मुमताज, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, अब्दुल सलाम कौसर, छत्तीसगढ़ी से डॉ. जीवन यदु ,बलराम चंद्राकर, भोजपुरी से शमशीर शिवानी ने अपनी मूल कविता का पाठ किया । अनुवाद का पाठ राजमा सुधाकरण, साजन सुधाकरण,परमेश्वर वैष्णव,मणिमय मुखर्जी, राजेश श्रीवास्तव, विजय वर्तमान,विनोद सोनी,प्रकाश मंडल,आश्वला यदु ने किया ।

सुधाकरन ने कहा सभी भाषाओं के साहित्यकारों को जोड़ने बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन हमारे मैत्री विद्या निकेतन में सम्पन्न हुआ हमारे लिए यह गर्व की बात है। मैत्री विद्या निकेतन प्रमुख साजन सुधाकरन ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन होते रहना चाहिए राष्ट्रीय एकता के लिए हम सबका जुड़ाव जरूरी है। छग प्रलेसं अध्यक्ष के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि हमारा प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाएं उत्तर से दक्षिण पूरब से पश्चिम देश को जोड़ती हैं। सृजन मूल्यों के परिमार्जन लिए बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन महती आयोजन है। कार्यक्रम का संचालन प्रलेसं के प्रांतीय अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव ने किया।

एलएंडडी में स्वच्छता पखवाड़ा, किया जागरुक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन किया गया। इस अवसर पर लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक श्रृंखला की पहल का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। पखवाड़ा में कार्यक्रम में सीजीएम निशा सोनी,उप महाप्रबंधक वाई एस जौहरी और सौमेंद्र साहा सहित विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों तथा ट्रेड अप्रेंटिस (टीए) प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

विधायक ने क्षेत्र के समस्याओं को लेकर की चर्चा

भिलाई। विधायक ललित चंद्राकर ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। ने जिला कलेक्टर को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जिनमें सड़क, पानी, पर्यावरण, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं शामिल हैं। इंसान के साथ जीवजंतु, पशु-पक्षी सभी को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए जल्द हो प्रक्रिया

श्रमिक संगठनों को मान्यता यूनियन के चुनाव का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों की यूनियनों को मान्यता यूनियन चुनाव का इंतजार है। पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल को समाप्त हुए 6 महीने बीतने के बाद भी अब तक चुनाव की घोषणा नहीं होने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। निर्धारित समय पर यूनियन मान्यता चुनाव नहीं होने से कर्मियों की कई समस्याएं लंबित हैं।

बीएसपी में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव हर दो साल में कराए जाने का नियम है। पिछले चुनाव में सर्वाधिक वोट हासिल कर मान्यता हासिल करने वाले श्रमिक संगठन बीएमएस (भिलाई इस्पात मजदूर संघ) का कार्यकाल 23 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी अब तक उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) और बीएसपी प्रबंधन द्वारा अब तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इसके चलते प्रतिभागी यूनियनों में बेचैनी है। यूनियनों के मुताबिक मान्यता यूनियन के नहीं होने से प्रबंधन से कर्मचारियों के मुद्दों के निदान के लिए चर्चा और इसके निदान के लिए दबाव नहीं बन पा रहा है। नियमानुसार चुनाव के लिए सभी प्रतिभागी यूनियनों को उप मुख्य श्रमायुक्त से अपना डिटेल प्रस्तुत कर मांग करना है। सीटू, लोईमू व लोइमू सहित 3 यूनियनें प्रबंधन और उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय से मांग भी कर चुकी हैं। वहीं सीटू ने महीनेभर पूर्व महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध विभा) जे एन ठाकुर से मिलकर चुनाव के संदर्भ में चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रबंधन ने चुनाव को लेकर प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कामों को साझा करते हुए कहा कि प्रबंधन चुनाव के संदर्भ में उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) से चुनाव के संदर्भ में से चर्चा किए हैं, जिसके तहत उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय बीएसपी प्रबंधन एवं भिलाई की यूनियनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। लेकिन अब तक बैठक और प्रक्रिया धीमी होने से चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। विदित हो कि इस बार चुनाव में दस पुरानी यूनियनों सहित 11 श्रमिक संगठन भाग लेंगे।

जल्द कराएं गुप्त मतदान से चुनाव

"मान्यता समाप्त हो जाने के बाद निर्मित होने वाले शून्य काल की स्थिति हमेशा कर्मियों के लिए घातक होती है 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता प्राप्त यूनियन का कार्यकाल का अंतिम दिन था सीटू ने 24 सितंबर 2024 को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता की जांच कर नई मान्यता यूनियन चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रबंधन को पत्र दिया था तब से लेकर अब तक शून्य काल की स्थिति बनी हुई है । गुप्त मतदान से चुनाव करवाना जरुरी है।

जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी, महासचिव सीटू

पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से महत्वपूर्ण कामकाज हुए ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के पंचायत सचिवों से मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया था उसे अमल में लाने की

- मोदी की गारंटी अमल में लाने कलेक्टर को सौंपा

मांग प्रदेशभर के पंचायत सचिव कर रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से आंदोलनरत है। हड़ताल का आज 22वां दिन था। 22वें दिन पंचायत सचिवों ने जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व दुर्ग इकाई के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने ग्राम पंचायत के सचिवों से लुभावने वादे किए थे वादों को मोदी गारंटी का नाम दिया गया था, लेकिन राज्य में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद मोदी गारंटी पर काम नहीं किया गया। ग्राम पंचायत से सचिव आज भी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को धरनास्थल में जिलेभर के पंचायत सचिव एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और एकजुट होकर कलेक्टोरेट तक रैली निकाली। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया।

29 विभाग के 200 कार्य है प्रभावित

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, जिला सचिव शेष नारायण चंद्रवंशी, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष निमेश भोयर, पाटन प्रदीप चंद्राकर और धमधा के नरेश साहू का कहना है कि ग्राम पंचायत के सचिवों के आंदोलन के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों का कई स्थानों पर प्रभार भी नहीं हो पाया है। जहां प्रभार हुआ है वहां बैंक खाते का संचालन रुका हुआ है।

खबर संक्षेप

अभिनेता मनोज कुमार को मंच ने दी श्रद्धांजलि

दुर्ग। भारत कुमार के नाम से प्रख्यात प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व मनोज कुमार को पुराना बस स्टैंड दुर्ग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर छत्तीसगढ़ मंच ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि मंच के सचिव एवं कार्यक्रम के संचालक तुलसी सोनी एवं शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा ग्रुप संचालक शाहिद खान ने स्व मनोज कुमार के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके फिल्मी सफर एवं भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी गई। रंगकर्मी मुकेश अग्रवाल ने भी मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दो मिनट मौन धारण कर स्व मनोज को श्रद्धांजलि भी दी गईं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मंच के गुलाब चौहान, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा के संचालक शाहिद खान, सुर धारा म्यूजिकल ग्रुप की संचालिका एवं गायिका ज्योति ध्रुव, आनंद बक्शी, स्वरांजली ग्रुप के संचालक संजय दुबे, द रैन ड्रॉप संस्था के अध्यक्ष राजेश जैन, सराफ कोशिश स्टार म्यूजिकल ग्रुप के संचालक जाहिद अली सहित नागरिक उपस्थित थे।

बोरसी में अतिक्रमण दस्ते के साथ जमकर हंगामा

दुर्ग। शहर के बोरसी वार्ड में अतिक्रमण हटाने गए नगरनिगम के दस्ते को विवाद का सामना करना पडा। इस दौरान विरोध में उतरी महिलाएं जहां सडक पर बैठ गई, वही कुछ लोग छत से गैस सिलेंडर नीचे फैंकने का प्रयास करते रहे। ऐसे में नगरनिगम के दस्ते को वापस लौटना पडा। वही मौके पर पुलिस बल भी गिनती के थे। ऐसे में निगम अमला कुछ नही कर पाया। भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान ने बताया कि, हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने गए थे। लेकिन महिलाएं जेसीबी के सामने सडक पर लेट गई। ऐसे में उन्हे 48 घंटे का समय देकर टीम वापस लौट गई। इस दौरान नायब तहसीलदार वासुमित्र दीवान, नायब तहसीलदार ढालसिंग बिसेन, भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान, भवन निरिक्षक विनोद मांझी व करन यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

तितुरडीह में बच्चे भी पी रहे हैं शराब

दुर्ग। शहर के तितुरडीह वार्ड की महिलाओं ने कलेक्टर जनदर्शन में अवैध शराब बंद करने की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि, वार्ड में इतनी शराबखोरी हो रही है कि अब बच्चे भी पीने लगे है। उन्होने बताया मोहल्ले में आए दिन लड़ाई-झगड़े एवं मारपीट की स्थिति बनी रहती है। इसके आलावा जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 125 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति हल्बा निवासी आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेता श्रीरोहि दास फाफरे आ. शीतल जाति हल्बा निवासी ग्राम भर्रीटोला तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) के स्वामित्व कास्तकारी भूमि खसरा नं 97, 108, 110, 311, 336, 118 रकबा 0.56, 0.19, 0.28, 0.08, 0.04, 0.18, 0.19 हे कुल खसरा 7 कुल रकबा 1.52 हे ग्राम भर्रीटोला प.ह.नं. 46 रा.नि.म. भवरमरा तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया हैं जिसका विक्रय पंजीयन शेष हैं। उक्त सौदे मे विक्रेता के पुत्र हेमशाय फाफरे की भी सहमति हैं । उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।
दिनांक : 07-04-2025
विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष
जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव
ब्राह्मण पारा, गांधी चौक,
राजनांदगाँव मो : 9424126898

कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन हुआ पूर्ण, मूल्यांकनकर्ताओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा विषय अंग्रेजी का मूल्यांकन समाप्त हो गया। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का केंद्रीय मूल्यांकन सेजेस बालोद में 26 मार्च को प्रारंभ हुआ था, कुल 13 दिवस मूल्यांकन का कार्य चला, जिसमें लगभग 38 मूल्यांकन कर्ताओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त एक हेड तथा 4 डिप्टी मूल्यांकनकर्ता भी सम्मिलित हुए थे।

इस विदाई के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्राचार्य सेजेस बालोद अरुण साहू थे, अध्यक्षता व्याख्याता नंदू देशमुख ने की। विशेष अतिथि के रूप में व्याख्याता एसएल. साहू, व्याख्याता सुनीता पटेल, व्याख्याता राकेश साहू, व्याख्याता हेमलाल जोशी थे।

सेजेस बालोद में 26 मार्च को शुरू हुआ था उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का कार्य

सेजेस के व्याख्याताओं ने की मूल्यांकनकर्ताओं की सराहना

व्याख्याता पटेल ने कहा कि हमारे मूल्यांकनकर्ताओं ने खूब मजे ले लेकर कार्य संपादित किया तथा उन्हें जो भी दिशा निर्देश दिया गया उसका अक्षरशः पालन किया। व्याख्याता एसएल. साहू ने कहा कि 13 दिन तक पूरा माहौल खुशनुमा रहा सभी मूल्यांकनकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी समझ कर मूल्यांकन कार्य संपादित किया और अनुशासन बनाये रखा। व्याख्याता एनआर.देशमुख ने अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कहा कि जिस प्रकार नदी को दिशा दिखाने की जरूरत नहीं होती, वैसे ही हमारे विद्वान शिक्षक गण को मूल्यांकन कार्य के लिए विशेष दिशा निर्देश देने की जरूरत नहीं पड़ी। अंत में मुख्य अतिथि ने कहा कि सबसे पहले विदाई समारोह के आयोजनकर्ताओं को मेरी और से ढेर सारी शुभकामनाएं, जिन्होंने इतना अच्छा कार्यक्रम का आयोजन किया तथा आप जैसे हमें विद्वान शिक्षक मिले और जिसके कारण से हमारा वेल्यूशन कार्य आसानी से संपन्न हो सका। आभार प्रदर्शन व्याख्याता श्री पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कृत डॉ .बीएल. साहसी व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर रोशनी मूल्यांकनकर्ता ने कहा कि हमें हेड, डिप्टी का भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन मिला, जिससे पेपर वैल्यूएशन आसानी से संपन्न हो सका। बी.लहरे ने कहा कि 13 दिवस तक सबका साथ मिला, पता ही नहीं चला कि 13 दिन कैसे गुजर गए। मूल्यांकनकर्ता शैलजा देशमुख ने कहा कि मुझे वैल्यूएशन कार्य में आने में विलंब जरूर हुआ लेकिन अन्य मूल्यांकनकर्ताओं का भरपूर सहयोग व आनंद मिला जिससे पेपर चेक करने में आसानी हुई। उसके बाद व्याख्याता राकेश साहू ने कहा कि सभी मूल्यांकनकर्ताओं ने खूब मेहनत की। जिसका परिणाम यह हुआ कि असंभव सा लगने वाला कार्य तेरह दिवस के भीतर संपन्न हो सका।

बैठक : सुशासन तिहार को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

आमजनता से प्राप्त मांगों व समस्याओं का समुचित निराकरण सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारियों को सुशासन तिहार 2025 का बालोद जिले में सार्थक एवं सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। राज्य शासन के मंशानुरूप इसका समुचित लाभ जिले के आम नागरिकों को सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुशासन तिहार की जानकारी जिले के सभी नागरिकों को हो सके इसके लिए इसका समुचित प्रचार–प्रसार कराने तथा पहले चरण के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए भी उचित कार्रवाई करने को कहा।

मंगलवार को आयोजित बैठक में उन्होंने सुशासन तिहार को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सुशासन तिहार के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाए जाने की जानकारी दी। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को समाधान शिविर के दौरान समस्याओं के निराकरण की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान आयोजित होने वाली शिविरों में वित्तीय साक्षरता के संबंध में कैंप भी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को पूरा करने को कहा।

तेज रफ्तार व ओवरलोडिंग पर करें कार्रवाई

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को तेज गति एवं बिना हेलमेट के बिना वाहन चलाने वालों के अलावा ओव्हर लोडिंग तथा मालवाहकों में सवारी ले जाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने टी.बी. उन्मूलन हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रेडक्रॉस सोसायटी की भी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने हेतु अब तक कुल आवेदनों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग के योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उसके विरूद्ध अब तक की उपलब्धि के संबंध में जानकारी दी गई।

उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों से गेहूँ, चना, शक्कर आदि खाद्यानों की उपलब्धता एवं समुचित वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी शासकीय उचित मूल्य के दुकानों का निरीक्षण कर उनका सत्यापन करने को कहा। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता से जिले में पेयजल निस्तारी हेतु पानी की समुचित प्रबंध करने के लिए उनके विभाग द्वारा किए गए उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पानी के आपूर्ति के संबंध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को विभागीय समीक्षा बैठक लेकर इसके लिए प्लान बनाने के निर्देश दिए।

शासकीय उचित मूल्यकीके दुकानों का करें भौतिक सत्यापन

चन्द्रवाल ने खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए खाद्य अधिकारी से

शिक्षकों की कमी दूर करने करें उपाय

श्री चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूलों में शिक्षकों के कमी के संबंध में प्राप्त आवेदनों के संबंध में तत्काल बैठक आयोजित कर समस्या के निराकरण उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी समीक्षा की।

पंचायत सचिवों ने तेज किया विरोध प्रदर्शन, धरनास्थल पर बजाया नगाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा के सचिवों ने छत्तीसगढ़ सरकार के विरुद्ध प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर 17 मार्च 2025 से मोदी की गारंटी में उल्लेखित सचिवों को शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 22 वें दिन मंगलवार को प्रांतीय रूपरेखा अनुसार ब्लॉक मुख्यालय में सचिवों ने हड़ताल स्थल पर नंगाड़ा बजाकर सरकार के नीतियों का विरोध किया।

■ अब क्रमिक भूख हड़ताल की रणनीति

मंगलवार को हड़ताल पंडाल में 120 ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे। सचिव संघ के अध्यक्ष चुनूराम सिन्हा ने बताया कि आंदोलन को उग्र बनाने हेतु क्रमिक भूख हड़ताल प्रारंभ की जाएगी। धरना प्रदर्शन स्थल में पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष चुनू राम सिन्हा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गंजीर, राजेश्वरी पटेल, सचिव मेमन सिंह अटल, सलाहकार देवलाल मालेकर, जागेश्वर साहू, सचिव महेंद्र कुमार, शिवकुमार साहू, डोमार सिंह पटेल, द्वारका चौधरी सहित 120 पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे।

अदिति कोलियारे का एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ चयन

डौंडीलोहारा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा की कक्षा 5वीं की छात्रा अदिति कोलियारे पिता महेश कोलियारे शिक्षक, माता रेवती कोलियारे पार्षद का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय डौंडी में हुआ है। छात्र की सफलता पर संस्था के प्राचार्य डोमार सिंह साहू, अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ मिश्रा, व्यवस्थापक येणूकुमार दिल्लीवार एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख अशोक सिन्हा ने सरस्वती शिशु मंदिर परिवार की ओर से अदिति कोलियारे को बधाई दी।

नागरिकों ने जताई उम्मीद, कहा- समय पर हो सकेगा समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सुशासन तिहार को लेकर नागरिकों ने दी प्रतिक्रिया

जिले के नागरिकों ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तथा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ–साथ निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। शासन की इस पहल की सराहना करते हुए जिलेवासियों ने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत आम जनता द्वारा मांग एवं शिकायत दोनों तरह के आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इसके माध्यम से आम जनता के समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण होने के साथ–साथ शिकायतों के निराकरण होने के फलस्वरूप शासकीय कामकाज में पारदर्शिता भी आएगी। ग्राम चिलमगोटा के किसान हरिराम ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से मेरे जैसे अनेक लोगों की समस्याओं का निराकरण होगा, साथ ही हमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ भी मिल सकेगा।

इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर ग्राम चिलमगोटा के नौजवान विद्यार्थी हेम कुमार ने कहा कि वे भी अपनी ग्राम पंचायत में मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि शासन–प्रशासन की तत्परता से उनकी मांगों एवं समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण होगा। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिलमगोटा के सरपंच नरेन्द्र मण्डावी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार से आम जनता को योजनाओं का समुचित लाभ मिलने के साथ–साथ शासकीय कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। इसका अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा।

ग्राम झलमला में लांड्री व्यवसाय कर जीवन यापन करने वाली हेमलता निर्मलकर एवं उनके पति दूजराम निर्मलकर ने भी शासन की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हमारे जैसे मेहनत–मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोगों की समस्याओं का भी निराकरण हो सकेगा। इसी तरह ग्राम झलमला के सब्जी व्यवसायी तोमन पटेल, नेवारीकला के किसान अंजोर सोनकर, विद्याचरण साहू, आनंद निषाद एवं अवध निर्मलकर सहित अनेक किसानों एवं मजदूरों ने राज्य शासन की इस अभिनव सुशासन तिहार को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की है।

आज 108 देशों में गूंजेगा नवकार महामंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के सुअवसर पर नगर के ओसवाल भवन में 9 अप्रैल को सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। कार्यक्रम नगर के जैन समाज द्वारा ओसवाल भवन के सभागार में रखा गया है। इस अवसर पर जैन समाज ने सभी लोगों से इस आध्यात्मिक महामंत्र के जाप में भाग लेने का आग्रह किया है। जैन समाज के लोगों ने बताया कि नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर

108 देशों में एक साथ जैन धर्म का सबसे पवित्र मंत्र गूंजेगा। इसका 6000 स्थानों से लाइव प्रसारण होगा। पूरी दुनिया 9 अप्रैल को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक दिन का साक्षी बनेगी। लाखों लोग नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में शामिल होंगे। जीतो संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाना है। इस अनूठे आयोजन में 108 देशों के लोग हिस्सा लेंगे। भारत समेत दुनियाभर में 100 से ज्यादा अनुष्ठान होंगे। संघ के अध्यक्ष ताराचंद लोढा ने बताया कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पवित्र मंत्र है। यह आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और अहिंसा का संदेश देता है। चैत्र मास में इस मंत्र का जाप विशेष महत्व रखता है। यह भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का समय भी है। संघ के सचिव अनोप भन्साली व कोषाध्यक्ष प्रेमचंद भन्साली ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ जैन समुदाय तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को एकजुट करना है।

■ विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर होगा आयोजन

रक्तदान शिविर का आयोजन

इस अवसर पर जैन श्री संघ डौंडी लोहारा के तत्वावधान में नगर के उपाश्रय प्रांगण में सुबह 10:00 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, संघ के प्रेमचंद भंसाली ने बताया कि कोई भी रक्तदाता आकर रक्तदान कर सकते हैं।

चार हजार सीटों के लिए परिजनों ने लगाई दस हजार से अधिक अर्जियां

दुर्ग। गरीब परिवार के परिजनों ने अपने बच्चों को महंगे स्कूलों में पढाने की चाह लेकर अब तक दस हजार से अधिक अर्जियां लगाई हैं। इतने तादात में आवेदन देख स्कूल महकमे का भी होश उड गया है। दो चरणों में लिए जाने वाले आरटीई में आवेदन करने आज अंतिम तिथि निर्धारित है। बहरहाल आवेदन आने के बाद संबंधित नोडल अधिकारी जांच में जूट गए हैं। कई स्कूल ऐसे है, जहां सीट से अधिक आवेदन आने के बाद अब ऐसे स्कूलों में लाटरी से दाखिला दिए जाने की तैयारी हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम या शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए छत्तीसगढ़ में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भर्ती की प्रक्रिया का आखिरी दिन है।

डिजीटल दौर में सिक्का लेने दुकानदारों की आनाकानी से ग्राहक हो रहे परेशान

दुर्ग। इन दिनों डिजिटल पेमेंट का बेहतरीन उपयोग आम उपभोक्ता दैनिक जरुरतों से लेकर सभी महत्वपूर्ण कार्यों में खर्च के दौरान करते हैं। इस दौर में बाजार में सिक्कों पर दुकानदारों के मौखिक व्यवहार से संकट मंडराने लगा है। कई दुकानदार चिल्हर के अभाव में एक और दो रुपए के सिक्कों को चलन से बाहर बताकर लेने से इनकार कर रहे हैं। दुकानदारों का यह व्यवहार गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। जिला प्रशासन ने भी कई बार लिखित आदेश जारी कर दुकानदारों को वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता का कहना हैं कि, एक और दो के सिक्कों को लेकर कई बार जिला प्रशासन ने भी लिखित आदेश जारी कर सिक्का लेने से इनकार करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी देती हैं।

ननि में पांच करोड़ का बिल पेंडिंग, ठेकेदार काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में विकास कार्य कराने के बाद भुगतान के लिए ठेकेदार रोज चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें राज्य शासन से राशि नही आने की बात कहकर भुगतान नही किया जा रहा है। अधोसंरचना मद से करीब पांच करोडों रूपए के कार्य होने के बाद ठेकेदारों ने बिल भी लगा दिया है। लेकिन भुगतान के लिए निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट जवाब नही देने से ठेकेदारों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हैं।

नगरनिगम प्रशासन द्वारा विधानसभा और नगरनिगम चुनाव के पहले लगातार ठेकेदारों पर दबाव

■ पांच करोड रूपए से अधिक का बिल भुगतान बकाया

बनाकर निर्माण कार्य करा लिए गए। लेकिन चुनाव निपटने के बाद आज भी ठेकेदारों को अफसरों के चक्कर कांटना पड रहा है। हाल यह हैं कि, पुराना भुगतान नही होने से ठेकेदारों नया कार्य कराने से परहेज कर दिए है। ठेकेदारों ने बताया कि, निर्माण कार्य का बिल एकांउट सेक्शन में भी जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य की राशि जारी नही की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि, निगम प्रशासन की शिकायत लेकर अब ठेकेदार एकजूट हो गए है और वे राज्य शासन से भुगतान नही किए जाने की शिकायत भी करने वाले हैं।

खबर संक्षेप

नागेंद्र सिन्हा ने 43वीं बार किया रक्तदान

बालोद। ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 28 वर्ष पिता डॉ. बिसंभर सिंह सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष छ.ग. सिन्हा सामाज ने समाज सेवी खूबलाल (बंटी) साहू के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल, हिना धुर्वे, दीपिका राजपूत के समक्ष अपना बी पॉजिटिव रक्त समूह का रक्तदान किया। श्री सिन्हा अब तक 43वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि लोगों की जान बचाने के लिए जरूरतमंदों को रक्तदान अवश्य करें।

भाजपा मंडल गुंडरदेही ने चलाया स्वच्छता अभियान

गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही द्वारा मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के तहत मंडल के पदाधिकारियों ने नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूध, केला व बिस्कुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष व महामंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने अनुग्रह राशि बढ़ाने की मांग की

बालोद। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने राज्य के वित्त मंत्री, वित्त सचिव, सामान्य प्रशासन सचिव को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000 रूपए स्वीकृत करने की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने कहा है कि शासकीय सेवा में रहते हुए किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के 6 माह के बराबर, अधिकतम 50,000 रूपए की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग भोपाल द्वारा 3 अप्रैल 2025 को शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को, मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के 6 गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 रूपए अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। अतः छत्तीसगढ़ में भी शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के 6 गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 रूपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाए।

भाजपा नेता के बेटे ने की मारपीट, मामला दर्ज

भिलाई। भाजपा नेता के पुत्र ने साइड देने को लेकर युवक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ 296, 351, 115 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि सुपेला निवासी वैभव देवांगन और सेक्टर 5 निवासी कृष कुमार दोनों रुंगटा कॉलेज के छात्र है। कृष अपने वाहन को लेकर कालेज से बाहर निकल रहा था। इस दौरान वैभव देवांगन साइड देने की बात को लेकर कृष के साथ विवाद हो गया। दोनों में इतना विवाद बढ़ गया कि वैभव देवांगन ने कृष के साथ जमकर मारपीट करना शुरु कर दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

समारोह : भावी जैन साध्वी मुमुक्षु नेहा डोसी व मुमुक्षु साक्षी भंसाली का किया गया बहुमान

संयम पथ दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग : मुमुक्षु नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

- जैन श्री संघ जामगांव आर द्वारा जैन भवन में किया गया बहुमान अनुमोदना समारोह का आयोजन

जैन श्री संघ जामगांव आर द्वारा जैन भवन में बहुमान अनुमोदना समारोह आयोजित कर सोमवार को डौंडीलोहारा निवासी भावी जैन साध्वी द्वय मुमुक्षु नेहा डोसी एवं मुमुक्षु साक्षी भंसाली का बहुमान किया गया।

जैन श्री संघ जामगांव आर सदस्य गोवर्धन कोचर सुरेश सुशीला बैद, प्रज्ञा बैद लक्ष्मी देवीख रेखा मनीष बैद, प्रेमचंद सुनीता चौरड़िया, सुरेश चौरड़िया, आसकरण, निर्मला गोलछा ने मुमुक्षु बहनों का बहुमान किया। सपना प्रज्ञा बैद सोनल गोलछा ने स्तवन के माध्यम से अनुमोदना का भाव प्रगट किए। मुमुक्षु बहन नेहा ने कहा कि संगत का असर जीवन पर पड़ता है।इसलिए संगत संतो और सज्जनों का करना चाहिए दुर्लभ मानव जीवन सार्थक बन सकता है।बुरे लोगों के संगत में पड़ने से बुरा कर्म करने का आदि बन जाना स्वाभाविक है।उन्होंने कहा कि हमें राम गुरु का सानिध्य मिला वैराग्य जीवन समझ आया इस आत्म उद्धारक पथ पर चलने के लिए बड़ों का आशीर्वाद मिला 4 जून को बीकानेर में दीक्षा ग्रहण करने का सौभाग्य मिलने वाला है। श्री संघ पधार कर आशीर्वाद प्रदान करने की कृपा करें।

इन्होंने ने भी की अनुमोदना

बहुमान समारोह में पृथ्वीराज राठी, विनोद राठी, दिनेश कमलेश, सौरभ नितिन डोसी, रजत भंसाली, राजू संचेती, दिलीप छाजेड़, अभिषेक गोलछा, सोनल गोलछा, निशा एकता, अनीता डोसी, मोना पूनम डोसी, भूमिका सहित जामगांव आर, कांकेर, डौंडीलोहारा, बालोद, रायपुर, उतई, दुर्ग जैन श्री संघ के सदस्यों ने बहुमान समारोह में संयम पथ की अनुमोदना की।

संयम पथ की अनुमति देने के लिए जन्मदाता का आभार

मुमुक्षु साक्षी बहन ने कहा कि हम जन्म दाता के आभारी हैं जिन्होंने हमें लाड प्यार देकर इतना बड़ा किया और संयम पथ पर चलने के लिए सहृदय अनुमति दी। उन्होंने कहा कि संतों के सानिध्य में समझ में आया कि आत्म कल्याण के लिए संयम मार्ग सबसे अच्छा है। संयम पथ पर आत्मा का रिसर्च करने का सुअवसर मिलेगा निश्चित ही आप सबका आशीर्वाद हमें मंजिल प्राप्त करने महती भूमिका निभाएंगी। 4 जून को बीकानेर की पावन धरा में गुरुदेव की आशीर्वाद तले दीक्षा होना है आप सबका प्रत्यक्ष आशीर्वाद की अभिलाषा है पधारिएगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी विभिन्न कार्यक्रमों में हुईं शामिल

बालोद/कलंगपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम चारभाठा में माता कर्मा जयंती एवं श्रीराम जन्मोत्सव, ग्राम भरदाखुर्द में निषाद समाज द्वारा आयोजित श्रीराम जानकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा ग्राम पैरी में गोंडवाना समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सल्ला गांगरा एवं गोटुल स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुई।

सभी स्थानों पर उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए इस आयोजन के लिए बधाई तथा भविष्य में हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहने की बात कही। इस दौरान ग्राम चारभाठा में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों, ग्राम भरदाखुर्द में जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, हेमंत साहू, निर्मला साहू, जनपद सदस्य गुलशन साहू, कमल कांत सिन्हा, रामाधीन निषाद सहित निषाद समाज के प्रमुखजन तथा ग्राम पैरी में आदिवासी समाज के सदस्य ज़िला पंचायत बालोद नीलिमा श्याम, लभया ठाकुर पदाधिकारी उपस्थित थे।

गोंड़वाना समाज ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

डोंडी। विकासखंड डोंडी गोंड़वाना समाज सर्किल मगरदहा द्वारा मगरदाह में नव निर्वाचित जनपद सदस्य, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज युवा ब्लॉक डोंडी व गोड़वाना स्टूडेंट यूनियन जिला अध्यक्ष तुलेश्वर हिचामी ,सहित सामाजिक ग्राम मुखिया को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक रीति रिवाज महासभा के बारे सभी लोगों द्वारा चर्चा की गई। तुलेश्वर हिचामि ने उपस्थित सामाजिक बंधुओं द्वारा किए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए समाज के कार्यों के लिए तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर रामभरोसा दर्रो, पूर्व अध्यक्ष नेहरू तेता सचिव दिवाकर कोरेटी उपाध्यक्ष पतिराम नरेटी जेब सींग दारपट्टो, अशोक दुग्गा, गन्नू मांडवी सामाजिक सियान गायता पटेल मांझी सामाजिक महिलाएं उपस्थित थे।

जनपद अध्यक्ष मुकेश सहित सदस्यों ने सांसद भोजराज से की मुलाकात

डोंडी। मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी के नेतृत्व में जनपद सदस्यों ने कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग के गृहग्राम अंतागढ़ पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्हें मिठाई खिलाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दरम्यान मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ने आदिवासी विकासखंड की विभिन्न समस्याओं से सांसद को अवगत कराते हुए उसके निराकरण का निवेदन किया।

जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने आदिवासी डौंडी ब्लॉक में आने वाले डीएमएफ, सीएसआर मद की राशि को अन्य क्षेत्रों में खर्च किए जाने की बात कहते हुए उस पर रोक लगाने और उक्त मद की राशि का आबंटन डोंडी ब्लॉक के ग्रामों को मूलभूत सुविधाओं में दिलाने के लिए किए जाने का आग्रह किया। जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ों, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी साधना सोरी रत्ना हिरवानी झामीत धनेलिया ज्वाला जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

ग्राम धमना में जोत जंवारा का किया गया विसर्जन

जामगांव आर। ग्राम धमना में रामनवमी के अवसर पर जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता ढालसिंह साहू ने बताया कि धमना में तीन स्थानों पर जोत जंवारा की स्थापना की गई थी, जिनका विसर्जन किया गया। उन्होंने बताया कि समस्त ग्रामीणों के सहयोग से गंगई माता में, कोंदा राम साहू परिवार एवं दिनेश रोहित यादव परिवार में जोत जंवारा की स्थापना की गई थी। जय मां शीतला सेवा समिति धमना की भजन मंडली के माध्यम से विसर्जन का कार्यक्रम संपूर्ण हुआ। इस अवसर पर सेवा समिति के भैया राम यादव, खोरबाहरा राम यादव, जागेश्वर निर्मलकर, प्रदीप निर्मलकर, संतोष साहू, भुवनलाल साहू, मनीष साहू, डेरहा अग्रवाल, पतीराम यादव, राजेश यादव, नंदू यादव, संतोष धनराज, उमेश अली, राम यादव, त्रिकांत रुपेश सोनी, सत्यम सोनी, गजानंद साहू, छत्रपाल सोनी, प्रेमशंकर साहू, गजेंद्र साहू, तीरथ साहू, नंदू साहू, वासुदेव साहू का सराहनीय सहयोग रहा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर जनपद सदस्य आसिफ ने सीएचएमओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग को लेकर जनपद सदस्य आसिफ गहलोत ने स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात की। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 के जनपद सदस्य आसिफ गहलोत ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद से मुलाकात के दौरान कहा कि विगत वर्ष 2023-2024 में ग्राम पंचायत सिकोसा में 10 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए बजट में स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। लेकिन, सरकार बदलने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की मांग फिर अधूरी रह गई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सिकोसा के लोग विगत 15 साल से स्वास्थ्य केंद्र की मांग कर रहे हैं। इसके लिए ग्रामवासी पदयात्रा भी कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सिकोसा गुण्डरदेही विधानसभा का सबसे बड़ा गांव है, जिसकी जनसंख्या लगभग 6000 के आस पास है। यह आसपास के गांवों का केंद्र बिंदु भी है, अनेक गांवों के लोग यहां अपने विभिन्न कार्यों को लेकर आते हैं। लेकिन, यहां स्वास्थ्य केंद्र का न होना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के अभाव में मरीजों को गुण्डरदेही से राजनांदगांव रेफर कर दिया जाता है एवं प्राथमिक उपचार नहीं मिलने पर कई बार बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ जाता है। इसलिए यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाना अत्यंत आवश्यक है।

मटिया (पी) में सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथामृत एवं गव्य पुराण 10 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम मटिया (पी) में हनुमान जन्मोत्सव पर मारुति नन्दन हनुमान सेवा समिति और समस्त ग्रामवासी मटिया(पी) द्वारा सात दिवसीय संगीत मय राम कथामृत एवं गव्य पुराण का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज एवं डॉ निरंजन वर्मा कुलपीठाधीस पंचगव्य विद्यापीठम गुर के कृपा पात्र शिष्य प्रखर वेदांत प्रवक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानस मणि किसलय पंचगव्य चिकित्सा अनुसंधान केंद्र एवं गौ तीर्थ मंगचुवा (हितकसा) गुरूर होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 10 अप्रैल को प्रातः भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन, मनोकामना ज्योति कलश स्थापना, यज्ञ अग्नि प्रविष्टि एवं दोपहर 2:30 बजे से श्री रामकथामृत एवं गव्य पुराण कथा गुरु वन्दना, मानस मन सरोवर के चार घाट, सती मोह कथा के साथ प्रारंभ होगी। द्वितीय दिवस 11 अप्रैल शुक्रवार सुबह यज्ञ, हवन पूजन के साथ आहुति मानस पारायण दोपहर 1 बजे से (प्रतिदिन) पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, शंकर गीता भगवान अवतार हेतु पृथ्वी और देवताओं द्वारा स्तुति होगी। तृतीय दिवस 12 अप्रैल को सुबह यज्ञ, हवन पूजन हनुमान जन्मोत्सव निमित्त पूर्णाहुति यज्ञाचार्य प ज्ञानेश्वर दुबे द्वारा एवं दोपहर 1 बजे से भगवान श्री राम जन्मोत्सव, आंजनेय नन्दन हनुमान जी जन्मोत्सव मनाया जाएगी। इसी तरह 13, 14, 15 एवं 16 अप्रैल को रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनाई जाएगी।

सुशासन तिहार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया आयोजन

पोषण पखवाड़ा के तहत पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी निरंजना देवसे ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बचाने क्या आहार खिलाना चाहिए, गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार कब और कैसे खाना चाहिए, ताकि आने वाला बच्चा पोषित हो, सही खानपान और देखभाल तथा पौष्टिक आहार से ही बच्चे कैसे स्वस्थ रहते हैं, जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति को खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पौष्टिक आहार खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। आजकल बाजार में मिलने वाले जंकफूड और फास्टफूड का चलन बढ़ गया है, परंतु यह खाना शरीर को बीमारी का घर बना सकता है।

सभापति राजू पटेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें खानपान पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही योग प्राणायाम को भी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। पोषण पखवाड़ा के इस अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 18 के पार्षद गिरिजेश गुप्ता, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, भाजपा नेता ईश्वर साहू, वैभव राखेचा दीपक झोरी, चेतन निर्मलकर, राहुल साहू उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत पीसेगांव में हुआ कार्यक्रम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण खजानी की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

पंचायत प्रतिनिधियों व एएनएम, मितिनिन, समूह के सदस्यों व हितग्राहियों की बैठक में की गई चर्चा

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत 8 से 22 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण की महत्ता, कुपोषण दूर करने के उपाय एवं सुपोषित समाज के निर्माण की जानकारी दी जा रही है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पहले दिन 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत पीसेगांव में पंचायत प्रतिनिधि, एएनएम, मितानिन, समूह के अध्यक्ष सचिव, हितग्राही समुदाय में गणमान्य लोगों की बैठक ली गई। इस दौरान पोषण पखवाड़ा के महत्व को बताया गया। सामुदाय आधारित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती, शिशुवती व पालको को इसके बारे में जानकारी दी गई। नड्डा, चिप्स के बदले में पोषण खजानी के बारे में जानकारी दी गई। इसके तहत घर का बना हुआ पापड़, चिप्स, चना, मुर्रा, फल्ली गुड़, बच्चों को खिलाने की समझाईश दी गई और इनका प्रदर्शन किया गया।

अन्त में सरपंच, पंच, मितानीन, समूह के पदाधिकारी, ए.एन.एम., पालकों के साथ पोषण रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सरपंच द्रौपती देशमुख, पंच उमा यादव, पूजा डेहरे, सभी मितानिन, स्वास्थ्य विभाग से गिरिजा पटेल, आंनगबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा देवांगन, लता देशमुख, राजेश्वरी सहायिका उमा देशमुख, अहिल्या देशमुख उपस्थित रहे।